*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : KLOS-U-HIND**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या 1001944

**D**

# परीक्षण पुस्तिका

# हिंदी

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि *न* हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, अनुक्रमांक और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज कोड) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्त[illegible]) इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

1. 'ओला वृष्टि हुई और गेहूँ की फसल नष्ट हो गई' – इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपान्तरण निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) जब ओला वृष्टि हुई तो गेहूँ की फसल नष्ट हो गई

(b) गेहूँ की फसल नष्ट हो गई क्योंकि ओला वृष्टि हो गई थी

(c) ओला वृष्टि हुई, इसलिए गेहूँ की फसल नष्ट हो गई

(d) ओला वृष्टि होने के कारण गेहूँ की फसल नष्ट हो गई

2. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में और अधिनियमों, विधेयकों आदि के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा से संबंधित उपबंध हैं ?

(a) अनुच्छेद 349

(b) अनुच्छेद 346

(c) अनुच्छेद 348

(d) अनुच्छेद 347

3. कोई कार्मिक पटना स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे पश्चिम बंगाल में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के साथ पत्राचार करना है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में मूल पत्राचार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 100%

(b) 55%

(c) 90%

(d) 65%

4. हिंदी भाषा के विकास का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) संस्कृत → प्राकृत → पालि → अपभ्रंश → हिंदी

(b) प्राकृत → पालि → संस्कृत → अपभ्रंश → हिंदी

(c) संस्कृत → पालि → प्राकृत → अपभ्रंश → हिंदी

(d) पालि → प्राकृत → संस्कृत → अपभ्रंश → हिंदी

5. हिंदी भाषा के लिए 'साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2022' हेतु निम्नलिखित में से किस रचनाकार का चयन किया गया ?

(a) वीणा गुप्ता

(b) अजित आज़ाद

(c) अनुराधा रॉय

(d) बद्री नारायण

6. दिए गए वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

'चिकित्सक ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की आधी रात तक प्रतीक्षा की ।'

(a) विशेषण पदबंध

(b) क्रिया-विशेषण पदबंध

(c) संज्ञा पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

7. नीचे दिए गए मुहावरे और अर्थ के युग्मों में से बेमेल युग्म चुनिए :

| | *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|---|
| (a) | कलई खुलना | भेद खुल जाना |
| (b) | लकीर पीटना | पुरानी प्रथा को चलाए रखना |
| (c) | सिर उठाना | अहंकार करना |
| (d) | मुट्ठी गरम करना | रिश्वत देना |

8. कोई कार्मिक छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे गुजरात में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के साथ पत्राचार करना है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में मूल पत्राचार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 100%

(b) 55%

(c) 70%

(d) 65%

9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (विश्व हिंदी सम्मेलन)* | | *सूची-II (विषय)* |
|---|---|---|
| A. पहला विश्व हिंदी सम्मेलन | 1. | हिंदी और भावी पीढ़ी |
| B. छठा विश्व हिंदी सम्मेलन | 2. | वसुधैव कुटुम्बकम |
| C. दसवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन | 3. | हिंदी – पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक |
| D. बारहवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन | 4. | हिंदी जगत : विस्तार एवं संभावनाएँ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

10. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा प्रकाशित 'देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' के अनुसार निम्नलिखित संख्यावाचक शब्दों में से कौन-सा स्वीकृत मानक रूप ***नहीं*** है ?

(a) इक्यासी

(b) एकहत्तर

(c) बानवे

(d) अट्ठावन

11. भारत सरकार ने दिनांक 9 नवंबर, 2021 को केंद्रीय हिंदी समिति का पुनर्गठन किया है । इस समिति में निम्नलिखित में से कौन सदस्य ***नहीं*** होंगे ?

(a) शिक्षा मंत्री

(b) विधि और न्याय मंत्री

(c) ग्रामीण विकास मंत्री

(d) वित्त मंत्री

12. कोई कार्मिक पोरबंदर स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे शिलांग में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के साथ पत्राचार करना है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में मूल पत्राचार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 100%

(b) 90%

(c) 55%

(d) 65%

13. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | acceded to | स्वीकार किया गया |
| (b) | accepted on trial basis | परीक्षण के आधार पर स्वीकृत |
| (c) | accord approval to ... | कृपया ... को अनुमोदित करें |
| (d) | accepted provisionally | स्थायी रूप से स्वीकृत |

14. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (हिंदी कहावत)* | | *सूची-II (अंग्रेज़ी पर्याय)* |
|---|---|---|
| A. खाली दिमाग शैतान का घर | 1. | Traitors are the worst enemies |
| B. जहाँ चाह वहाँ राह | 2. | Misfortunes seldom come alone |
| C. घर का भेदी लंका ढाए | 3. | Where there is a will, there is a way |
| D. ग़रीबी में आटा गीला | 4. | An empty mind is devil's workshop |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वर्ष 1965 में शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना करके असांविधिक साहित्य के हिंदी अनुवाद का कार्य आरंभ किया गया।

2. राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन का दायित्व गृह मंत्रालय के अधीन होने के कारण केंद्र सरकार के असांविधिक प्रक्रिया साहित्य के अनुवाद का दायित्व भी गृह मंत्रालय को सौंपा गया।

3. 1 मार्च, 1971 को गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना की गई और केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, उपक्रमों आदि के असांविधिक प्रक्रिया साहित्य का अनुवाद कार्य केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो को सौंपा गया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

16. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से बेमेल युग्म चुनिए :

| | (अंग्रेजी) | (हिंदी) |
|---|---|---|
| (a) | amounting to | समतुल्य होना |
| (b) | allocation of pensionary liability | पेंशन संबंधी देयता का नियतन |
| (c) | after perusal | समीक्षा के बाद |
| (d) | agreed to | सहमति दी जाती है |

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (हिंदी कहावत) | | सूची-II (अंग्रेजी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | अंधों में काना राजा | 1. | Might is right |
| B. | नाच न जाने आँगन टेढ़ा | 2. | While in Rome, do as the Romans do |
| C. | जैसा देश वैसा भेष | 3. | A figure among cyphers |
| D. | जिसकी लाठी उसकी भैंस | 4. | A bad workman quarrels with his tools |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (Phrasal Verb) | | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | take place | 1. | ले जाना |
| B. | take away | 2. | उतारना |
| C. | take back | 3. | घटित होना |
| D. | take down | 4. | वापस लेना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

19. कोई कार्मिक राजस्थान के जयपुर स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे फाइलों पर आवतियों को प्रस्तुत करने के लिए टिप्पण लिखना होता है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में टिप्पण लिखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 75%

(b) 60%

(c) 50%

(d) 30%

20. दिए गए वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

'बैंक <u>दो दिनों की छुट्टियों के बाद</u> आज खुला है ।'

(a) संज्ञा पदबंध

(b) विशेषण पदबंध

(c) क्रिया-विशेषण पदबंध

(d) सर्वनाम पदबंध

21. केंद्र सरकार एवं उनके अधीनस्थ/सम्बद्ध कार्यालयों एवं उपक्रमों में कंप्यूटरों पर हिंदी में काम करने से संबंधित राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी कंप्यूटरों के साथ केवल द्विभाषी की-बोर्ड की ही खरीद की जाए, जिसमें इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड ले-आउट अवश्य हो ।
2. 01 अगस्त, 2014 से सभी नई भर्तियों के लिए टाइपिंग परीक्षा इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड पर लेना अनिवार्य हो ।
3. सभी प्रशिक्षण संस्थाएँ हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण केवल इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड पर ही दें ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1 और 3

22. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | बकाए का दावा | arrear claim |
| (b) | वस्तुत: | as a matter of fact |
| (c) | यथाप्रस्ताव स्वीकृत | approved as proposed |
| (d) | साधिकार | as a matter of right |

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (रचना/रचना-संग्रह)* | *सूची-II (रचनाकार)* |
|---|---|
| A. 'कर्णफूल' | 1. भगवतीचरण वर्मा |
| B. 'वीर हमारे' | 2. नरेंद्र शर्मा |
| C. 'मानव' | 3. रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' |
| D. 'अपराजिता' | 4. रामकुमार वर्मा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (हिंदी कहावत)* | *सूची-II (अंग्रेज़ी पर्याय)* |
|---|---|
| A. जल्दी का काम शैतान का | 1. Heads I win, tails you lose |
| B. चित भी मेरी पट भी मेरी | 2. God's mill grinds slow but sure |
| C. भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं | 3. Give an inch and he will take an ell |
| D. उँगली पकड़ के पहुँचा पकड़ना | 4. Haste makes waste |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**25.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | take on | 1. | दूर करना |
| B. | take out | 2. | अधिकार में लेना |
| C. | take over | 3. | आरंभ करना |
| D. | take to | 4. | ग्रहण करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**26.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (कृति)* | | *सूची-II (कृतिकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | उर्वशी | 1. | अमृतलाल नागर |
| B. | कितनी नावों में कितनी बार | 2. | श्रीलाल शुक्ल |
| C. | अमृत और विष | 3. | रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| D. | राग दरबारी | 4. | सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**27.** कोई कार्मिक ईटानगर स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे कार्यालयी प्रयोजनों से फाइलों पर टिप्पण लिखना होता है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में टिप्पण लेखन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 75%
(b) 60%
(c) 50%
(d) 30%

**28.** निम्नलिखित उद्धरण पर विचार कीजिए :

"आप जिस तरह बोलते हैं, बातचीत करते हैं, उसी तरह लिखा भी कीजिए । भाषा बनावटी नहीं होनी चाहिए ।"

उपर्युक्त विचार/वक्तव्य किसका है ?

(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) मदन मोहन मालवीय
(c) अमित शाह (गृह मंत्री)
(d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**29.** दिए गए वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

'<u>ऑलिम्पिक में विजेता खिलाड़ी</u> नागरिक संवर्धना के लिए खड़े हैं ।'

(a) संज्ञा पदबंध
(b) सर्वनाम पदबंध
(c) क्रिया-विशेषण पदबंध
(d) विशेषण पदबंध

**30.** नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | अपवाद के रूप में | as an exceptional case |
| (b) | जहाँ तक हो सके | as far as may be |
| (c) | जहाँ तक अनुज्ञेय हो | as far as permissible |
| (d) | पूर्ववर्ती आदेशों के अनुसार | as per extant orders |

31. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति गठित करने से संबंधित उपबंध हैं ?

(a) अनुच्छेद 344

(b) अनुच्छेद 345

(c) अनुच्छेद 346

(d) अनुच्छेद 347

32. नीचे दिए गए शब्द-युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | juvenile convict | किशोर अपराधी |
| (b) | justifiable | न्यायोचित |
| (c) | justiciable | न्याय के विचार योग्य |
| (d) | judicious | न्यायसम्मत |

33. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(हिंदी भाषा में आगत शब्द)* | *(स्रोत भाषा)* |
|---|---|---|
| (a) | रेडियो | स्पेनी |
| (b) | मलेरिया | इतालियन |
| (c) | मेयर | फ्रांसीसी |
| (d) | कानून | अरबी |

34. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | make after | 1. | नष्ट करना |
| B. | make away with | 2. | पीछा करना |
| C. | make for | 3. | भाग जाना |
| D. | make off | 4. | उत्पन्न करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

35. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य चुनिए :

(a) जहाँ-जहाँ वे गए, उनका भव्य स्वागत हुआ

(b) वे गए और उनका भव्य स्वागत हुआ

(c) उनके जाते ही भव्य स्वागत हुआ

(d) उनके जाने पर भव्य स्वागत हुआ

36. नीचे दिए गए मुहावरे और अर्थ के युग्मों में से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|---|
| (a) | पहाड़ टूटना | भारी मुसीबत आ पड़ना |
| (b) | चल बसना | कहीं जाकर बस जाना |
| (c) | मुँह की खाना | पराजित होना |
| (d) | लाल-पीला होना | क्रोधित होना |

37. पूर्वी क्षेत्र से कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान हेतु 'साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान 2022' के लिए निम्नलिखित में से किस लेखक का चयन किया गया ?

(a) डॉ. उदय नाथ झा

(b) श्री राजन कुमार सिंह

(c) आशु शर्मा

(d) जनार्दन प्रसाद पाण्डेय

38. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतेंदु द्वारा रचित मौलिक नाटक ***नहीं*** है ?

(a) मुद्राराक्षस

(b) भारत-दुर्दशा

(c) नीलदेवी

(d) अंधेरनगरी

39. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | see about | 1. | की देख-रेख करना |
| B. | see after | 2. | समझना |
| C. | see through | 3. | जाँच करना |
| D. | see into | 4. | प्रबंध करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**40.** भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाओं से संबंधित उपबंध है ?

(a) अनुच्छेद 349

(b) अनुच्छेद 346

(c) अनुच्छेद 350ख

(d) अनुच्छेद 350क

**41.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (Phrasal Verb) | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|
| A. run dry | 1. की कमी पड़ना |
| B. run short of | 2. पर टूट पड़ना |
| C. run at | 3. उम्मीदवार होना |
| D. run for | 4. सूख जाना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**42.** 'सिद्धार्थ ने मार्ग में एक बीमार व्यक्ति को देखा' – इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) मार्ग में सिद्धार्थ ने एक बीमार व्यक्ति को देखा

(b) सिद्धार्थ ने मार्ग में एक व्यक्ति को देखा जो बीमार था

(c) एक बीमार व्यक्ति को सिद्धार्थ ने मार्ग में देखा

(d) मार्ग में सिद्धार्थ को एक बीमार व्यक्ति मिला

**43.** निम्नलिखित मूल अंग्रेज़ी वाक्य और इसके हिंदी में अनूदित तीन संभावित वाक्यों पर विचार कीजिए :

मूल अंग्रेज़ी वाक्य : "The temperature of the object increases from 10°C to 15°C."

हिंदी में अनूदित वाक्य :

1. "वस्तु का तापमान 10°C से 15°C बढ़ जाता है ।"
2. "वस्तु का तापमान 10°C से बढ़कर 15°C हो जाता है ।"
3. "वस्तु का तापमान 10°C से 15°C तक बढ़ जाता है ।"

उपर्युक्त में से कौन-सा अनूदित वाक्य अर्थ संप्रेषण की दृष्टि से सर्वाधिक सटीक है ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (Phrasal Verb) | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|
| A. stand aloof | 1. के लिए आग्रह करना |
| B. stand for | 2. निष्क्रिय रहना |
| C. stand aside | 3. अलग रहना |
| D. stand upon | 4. का अर्थ होना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**45.** नीचे दिए गए मुहावरे और अर्थ के युग्मों में से *बेमेल* युग्म चुनिए :

| | (मुहावरा) | (अर्थ) |
|---|---|---|
| (a) | हथियार डालना | पराजय स्वीकार करना |
| (b) | बहती गंगा में हाथ धोना | अवसर का लाभ उठाना |
| (c) | बाएँ हाथ का खेल होना | अति सरल काम |
| (d) | पानी-पानी होना | बाढ़ आना |

46. नीचे दिए गए शब्द-युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | विनम्र | unassuming |
| (b) | अपरिहार्य | unavoidable |
| (c) | अशोभनीय | unbecoming |
| (d) | अविरूपित | uncorroborated |

47. 'मेरे कार्यालय पहुँचते ही आँधी शुरू हो गई' – इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) मैं कार्यालय पहुँचा और आँधी शुरू हो गई

(b) जैसे ही मैं कार्यालय पहुँचा, आँधी शुरू हो गई

(c) मैं कार्यालय पहुँचा ही था और आँधी शुरू हो गई

(d) आँधी शुरू होते ही मैं कार्यालय पहुँच गया

48. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | according to the rules in vogue | समुचित नियमों के अनुसार |
| (b) | acquisition of target | लक्ष्य प्राप्ति |
| (c) | acting in good faith | सद्भाव से कार्य करते हुए |
| (d) | act of misconduct | कदाचार |

49. कोई कार्मिक गुवाहाटी स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे झारखंड में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के साथ पत्राचार करना है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में मूल पत्राचार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 100%

(b) 90%

(c) 65%

(d) 55%

50. दिए गए वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

'हिमशैल से टकराने के बाद जहाज समुद्र में <u>डूबता चला गया</u> ।'

(a) संज्ञा पदबंध

(b) विशेषण पदबंध

(c) क्रिया-विशेषण पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

51. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | go about | 1. | (को) कार्यान्वित करना |
| B. | go against | 2. | प्रचलित होना |
| C. | go ahead | 3. | सहमत होना |
| D. | go along | 4. | के प्रतिकूल होना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

52. केंद्रीय हिंदी समिति के पुनर्गठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अपने काम के निष्पादन में सहायता देने के लिए समिति को आवश्यकतानुसार उप समितियाँ नियुक्त करने और अतिरिक्त सदस्य सहयोजित करने का अधिकार होगा ।
2. समिति के कार्यकाल की अवधि उसके पुनर्गठन की तारीख से पाँच वर्ष होगी ।
3. समिति के ग़ैर-सरकारी सदस्यों को बैठक में भाग लेने के लिए यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता देने के प्रयोजन से इस समिति को उच्च स्तरीय समिति माना जाएगा ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2

(d) 1 और 3

53. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|
| (a) acts of commission and omission | कृताकृत |
| (b) action is underway | कार्यवाही की जा रही है |
| (c) advice awaited | सलाह की प्रतीक्षा है |
| (d) advise against | के प्रति चेतावनी |

54. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(हिंदी कहावत)* | *सूची-II* *(अंग्रेज़ी पर्याय)* |
|---|---|
| A. एक हाथ से ताली नहीं बजती | 1. An empty vessel makes much noise |
| B. लोहे को लोहा काटता है | 2. Money makes the mare go |
| C. दाम बनाए काम | 3. It takes two to make a quarrel |
| D. थोथा चना बाजे घना | 4. Diamond cuts diamond |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|
| A. go at | 1. से अधिक होना |
| B. go beyond | 2. के अनुसार चलना |
| C. go by | 3. हार जाना |
| D. go down | 4. आक्रमण करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

56. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा प्रकाशित 'देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' के अनुसार निम्नलिखित क्रमसूचक संख्याओं के शब्दरूप में से कौन-सा स्वीकृत मानक रूप ***नहीं*** है ?

(a) चौथा

(b) तीसरा

(c) दसवाँ

(d) छठवाँ

57. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|
| (a) address all concerned | सर्वसंबंधित को लिखा जाए |
| (b) add a comment | टिप्पणी दें |
| (c) add up to | जुड़ कर होना |
| (d) advance of Travelling Allowance may please be arranged | कृपया यात्रा भत्ते की अग्रिम व्यवस्था करें |

58. दिए गए वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

'जी-20 सम्मेलन में, विदेश से आए अतिथियों में से कुछ हिंदी बोल सकते हैं ।'

(a) संज्ञा पदबंध

(b) विशेषण पदबंध

(c) क्रिया-विशेषण पदबंध

(d) सर्वनाम पदबंध

59. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (Phrasal Verb) | | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | go into | 1. | घटित होना |
| B. | go off | 2. | अंत होना |
| C. | go on | 3. | फूट पड़ना |
| D. | go out | 4. | का अध्ययन करना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

60. इंटरनेट पर लीला हिंदी स्वयं-शिक्षण पैकेज के पाठ्यक्रम निम्नलिखित में से किस भाषा के माध्यम से हिंदी सीखने के लिए उपलब्ध ***नहीं*** है ?

(a) कश्मीरी

(b) डोगरी

(c) नेपाली

(d) बोडो

61. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | by no means | कभी नहीं |
| (b) | called in error | भूल से बुलाया गया |
| (c) | carried forward | अग्रेनीत |
| (d) | by virtue of office | कार्यालय के नाते |

62. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|---|
| (a) | घावों पर नमक छिड़कना | दुखी को और सताना |
| (b) | नाकों चने चबवाना | बहुत परेशान करना |
| (c) | होश उड़ना | घमंड टूटना |
| (d) | हवाई किले बनाना | कल्पना-लोक में रहना |

63. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (Phrasal Verb) | | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | keep to | 1. | बनाए रखना |
| B. | keep in abeyance | 2. | से दूर रहना (रखना) |
| C. | keep up | 3. | प्रास्थगित रखना |
| D. | keep away | 4. | अनुपालन करना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

64. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(हिंदी भाषा में आगत शब्द)* | *(स्रोत भाषा)* |
|---|---|---|
| (a) | ऑफिस | अंग्रेज़ी |
| (b) | ख़राब | फ़ारसी |
| (c) | नीलाम | पुर्तगाली |
| (d) | कारतूस | फ्रांसीसी |

65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (रचना) | | सूची-II (रचनाकार) |
|---|---|---|---|
| A. | 'पल्लव' | 1. | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| B. | 'उद्बोधन' | 2. | महादेवी वर्मा |
| C. | 'यामा' | 3. | सुमित्रानंदन पंत |
| D. | 'आँसू' | 4. | जयशंकर प्रसाद |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

66. हिंदी भाषा में अनुवाद के लिए 'साहित्य अकादेमी अनुवाद पुरस्कार 2022' हेतु निम्नलिखित में से किस अनुवादक का चयन किया गया ?

(a) गौरीशंकर रैणा

(b) रत्नेश्वर मिश्र

(c) रेणु बहल

(d) निर्मल विनोद

67. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | case discussed | मामले पर चर्चा की गई |
| (b) | case disposed | मामला निपटाया गया |
| (c) | ceased to be payable | देय नहीं रहा |
| (d) | claim is time-barred | दावा समयबद्ध है |

68. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (हिंदी कहावत) | | सूची-II (अंग्रेज़ी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | बिना सेवा मेवा नहीं | 1. | Crying in wilderness |
| B. | बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद | 2. | Something is better than nothing |
| C. | भागते चोर की लंगोटी ही सही | 3. | No pains, no gains |
| D. | भैंस के आगे बीन बजाना | 4. | To cast pearls before swine |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

69. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I *(Phrasal Verb)* | | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | bring on | 1. | स्पष्ट करना |
| B. | bring out | 2. | पालन-पोषण करना |
| C. | bring over | 3. | प्रारंभ करना |
| D. | bring up | 4. | ले आना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

70. कोई कार्मिक मुंबई स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय में पदस्थ है । उसे फाइलों पर आवतियों को प्रस्तुत करने के लिए टिप्पण लिखना होता है । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में टिप्पण लेखन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

(a) 75%

(b) 60%

(c) 50%

(d) 30%

71. चंडीगढ़ स्थित केंद्र सरकार के किसी कार्यालय द्वारा अपने कार्मिकों के कौशल विकास के लिए एक वर्ष में 20 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । इस प्रयोजन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हिंदी माध्यम से एक वर्ष में कितने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ?

(a) 14

(b) 12

(c) 10

(d) 6

72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (कृति)* | | *सूची-II (कृतिकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | 'विनायक' | 1. | गोविंद मिश्र |
| B. | 'कोहरे में क़ैद रंग' | 2. | रमेशचंद्र शाह |
| C. | 'हवा में हस्ताक्षर' | 3. | कमलेश्वर |
| D. | 'कितने पाकिस्तान' | 4. | कैलाश वाजपेयी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

73. मानक हिंदी वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध प्रयोग ***नहीं*** है ?

(a) साक्षात्कार

(b) हृदयंगम

(c) ब्रम्हा

(d) उऋण

74. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | take for | 1. | घटाना |
| B. | take from | 2. | समझना |
| C. | take in | 3. | प्रस्थान करना |
| D. | take off | 4. | लेना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

75. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के गठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. देश के उन सभी नगरों में जहाँ केंद्रीय सरकार के 10 या 10 से अधिक कार्यालय हों, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया जा सकता है ।
2. समिति का गठन नगर विशेष में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि के वरिष्ठतम अधिकारियों में से किसी एक से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर भारत सरकार के सचिव, राजभाषा विभाग की अनुमति से किया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

76. केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने देश के शीर्षस्थ विद्वानों के साथ वर्षों के विचार-विमर्श के पश्चात् हिंदी वर्णमाला तथा अंकों का मानक स्वरूप निर्धारित किया है। तदनुसार हिंदी की मानक वर्णमाला में मूल व्यंजन कितने हैं ?

(a) 37
(b) 33
(c) 35
(d) 39

77. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(लैटिन शब्द/अभिव्यक्ति)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | de facto | 1. | आरंभ से |
| B. | ab initio | 2. | वस्तुत: |
| C. | de novo | 3. | विधित: |
| D. | de jure | 4. | नए सिरे से |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

78. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | run about | 1. | पीछा करना |
| B. | run after | 2. | भाग जाना |
| C. | run off | 3. | समाप्त हो जाना |
| D. | run out | 4. | दौड़-धूप करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

79. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म *नहीं* है ?

| | *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|---|
| (a) | एड़ी-चोटी का जोर लगाना | असंभव कार्य करना |
| (b) | कलेजा ठंडा होना | शांति मिलना |
| (c) | अपना उल्लू सीधा करना | अपना काम निकालना |
| (d) | अँगूठा दिखाना | साफ इनकार कर देना |

80. नीचे दिए गए शब्द-युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | अनिच्छा | reluctance |
| (b) | परिहार | remission |
| (c) | त्यागना | renounce |
| (d) | पूर्व-संशोधित वेतन | pre-revised pay |

81. मानक हिंदी वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध प्रयोग *नहीं* है ?

(a) अनधिकार
(b) चिन्ह
(c) अत्याधिक
(d) ग्रहीत

82. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | go over | 1. | से मेल खाना |
| B. | go together | 2. | नष्ट हो जाना |
| C. | go under | 3. | से वंचित होना |
| D. | go without | 4. | जाँच करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

83. भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अपनी 'नाटक' नाम की पुस्तक में लिखा है कि हिंदी में मौलिक नाटक उनके पहले दो ही लिखे गए थे – महाराज विश्वनाथसिंह का 'आनंदरघुनंदन नाटक' और बाबू गोपालचंद्र का 'नहुष नाटक'। ये दोनों नाटक किस भाषा/बोली में लिखे गए थे ?

(a) अवधी

(b) ब्रजभाषा

(c) खड़ी बोली

(d) भोजपुरी

84. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (अंग्रेज़ी शब्द) | | सूची-II (हिंदी पर्याय) |
|---|---|---|---|
| A. | tax abatement | 1. | कर घटौती |
| B. | tax avoidance | 2. | कर अपवंचन |
| C. | tax rebate | 3. | कर में कमी |
| D. | tax evasion | 4. | कर परिहार |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

85. नीचे दिए गए शब्द-युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | विशेषाधिकार | prerogative |
| (b) | प्रकल्पित वेतन | presumptive pay |
| (c) | विहित प्रक्रिया | prescribed procedure |
| (d) | रसीद सहित बिल | pre-receipted bill |

86. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|---|
| (a) | लोहे के चने चबाना | कठिन संघर्ष करना |
| (b) | अंधे की लाठी | एकमात्र सहारा |
| (c) | अक्ल का दुश्मन होना | बुद्धिमान होना |
| (d) | आँखें चुराना | सामने न आना |

87. नीचे दिए गए शब्द-युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(लैटिन/अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | ultra vires | अधिकारातीत |
| (b) | ulterior motive | गूढ़ अभिप्राय |
| (c) | ultimo | अंतिम लक्ष्य |
| (d) | unanimity | सर्वसम्मति |

88. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(हिंदी भाषा में आगत शब्द)* | *(स्रोत भाषा)* |
|---|---|---|
| (a) | फ़ीस | फ्रांसीसी |
| (b) | अलमारी | पुर्तगाली |
| (c) | कागज़ | अरबी |
| (d) | तोप | तुर्की |

89. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (विश्व हिंदी सम्मेलन) | | सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|---|
| A. | तीसरा विश्व हिंदी सम्मेलन | 1. | न्यूयॉर्क, अमेरिका |
| B. | आठवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन | 2. | नई दिल्ली, भारत |
| C. | चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन | 3. | पारामारिबो, सूरीनाम |
| D. | सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन | 4. | पोर्ट लुई, मॉरीशस |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

90. हिंदी किस भाषा-परिवार की भाषा है ?

(a) आस्ट्रिक

(b) द्रविड़

(c) चीनी-तिब्बती

(d) भारोपीय

91. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | bring about | 1. | मना लेना |
| B. | bring around | 2. | गिराना |
| C. | bring back | 3. | पूरा करना |
| D. | bring down | 4. | स्मरण दिलाना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

92. "कवि पहले ब्रजभाषा की कविताएँ लिखा करते थे जिनका संग्रह 'चित्राधार' में हुआ है । बाद में वे खड़ी बोली की ओर आए और 'कानन कुसुम', 'महाराणा का महत्त्व', 'करुणालय' और 'प्रेम पथिक' प्रकाशित हुए ।" कवि कौन हैं ?

(a) सुमित्रानंदन पंत

(b) जयशंकर प्रसाद

(c) पं. सत्यनारायण कविरत्न

(d) पं. माखनलाल चतुर्वेदी

93. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | यथा अधिकथित | as may be specified |
| (b) | यथासंभव निकट | as nearly as possible |
| (c) | यथासाध्य | as far as practicable |
| (d) | यथा आशोधित | as modified |

94. केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा प्रकाशित 'देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' के अनुसार निम्नलिखित संख्यावाचक शब्दों में से कौन-सा स्वीकृत मानक रूप ***नहीं*** है ?

(a) चौदह

(b) सोलह

(c) छः

(d) बाईस

95. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | give in | 1. | से सहमत होना |
| B. | hold with | 2. | हार मानना |
| C. | give up | 3. | सँभालना |
| D. | hold up | 4. | त्याग देना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

96. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(हिंदी कहावत)* | | *सूची-II* *(अंग्रेज़ी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | हथेली पर सरसों नहीं जमती | 1. | As you sow, so shall you reap |
| B. | अन्त भला तो सब भला | 2. | Rome was not built in a day |
| C. | जैसी करनी वैसी भरनी | 3. | Barking dogs seldom bite |
| D. | जो गरजते हैं सो बरसते नहीं | 4. | All is well that ends well |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

97. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a). | के कहने से | at the instance of |
| (b) | अवकाश पर | at leisure |
| (c) | प्राप्त करना | attain to |
| (d) | अंतिम उपाय के रूप में | as the last resort |

98. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | hold forth | 1. | रोकना |
| B. | hold back | 2. | प्रस्ताव करना |
| C. | hold good | 3. | नियंत्रित रखना |
| D. | hold down | 4. | लागू होना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

99. ब्राह्मी लिपि से देवनागरी लिपि के विकास का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a). ब्राह्मी लिपि → उत्तरी ब्राह्मी (शैली) → गुप्त लिपि → कुटिल लिपि → देवनागरी लिपि

(b) ब्राह्मी लिपि → दक्षिणी ब्राह्मी (शैली) → गुप्त लिपि → कुटिल लिपि → देवनागरी लिपि

(c) ब्राह्मी लिपि → सिन्धु लिपि → गुप्त लिपि → मैती लिपि → देवनागरी लिपि

(d) ब्राह्मी लिपि → सिन्धु लिपि → गुप्त लिपि → खरोष्ठी लिपि → देवनागरी लिपि

100. निम्नलिखित उद्धरण पर विचार कीजिए :

"भाषा की सरलता, सहजता और शालीनता अभिव्यक्ति को सार्थकता प्रदान करती है । हिंदी ने इन पहलुओं को खूबसूरती से समाहित किया है ।"

उपर्युक्त विचार/वक्तव्य किसका है ?

(a) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(b) नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री)

(c) डॉ. संपूर्णानंद

(d) पुरुषोत्तम दास टंडन

101. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(कृति)* | | *सूची-II* *(कृतिकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | हिम तरंगिणी | 1. | श्रीकांत वर्मा |
| B. | दीवार में एक खिड़की रहती थी | 2. | माखनलाल चतुर्वेदी |
| C. | मगध | 3. | विष्णु प्रभाकर |
| D. | अर्द्धनारीश्वर | 4. | विनोद कुमार शुक्ल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a), | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

102. नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(हिंदी)* | *(अंग्रेज़ी)* |
|---|---|---|
| (a) | धीरे-धीरे | by and by |
| (b). | के समादेश से | by authority of |
| (c) | युक्तियुक्त संदेह से परे | beyond reasonable doubt |
| (d) | किसी भी प्रकार से | by any means |

**103.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(हिंदी कहावत)* | | *सूची-II* *(अंग्रेज़ी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | नौ नकद न तेरह उधार | 1. | Hope sustains life |
| B. | जब तक साँस तब तक आस | 2. | Much cry, little wool |
| C. | चोर-चोर मौसेरे भाई | 3. | A bird in hand is better than two in the bush |
| D. | ऊँची दुकान फीका पकवान | 4. | Birds of a feather flock together |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c)• | 3 | 1 | 4 | 2• |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**104.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | call for | 1. | रद्द करना |
| B. | call in | 2. | भेंट करना |
| C. | call off | 3. | वापस लेना |
| D. | call on | 4. | माँगना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c)• | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**105.** निम्नलिखित में से कौन-सी कृति के लिए हिंदी भाषा के साहित्यकार भगवंत अनमोल का चयन 'साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2022' हेतु किया गया ?

(a) कठपुतली (कहानी-संग्रह)

(b) राजा रवि वर्मा (जीवनी)

(c) प्रमेय (उपन्यास)

(d) श्रीमतीचरित्रम् (कविता-संग्रह)

**106.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | hold one's own | 1. | स्थगित करना |
| B. | hold in | 2. | डटे रहना |
| C. | hold on | 3. | नियंत्रित करना |
| D. | hold over | 4. | पकड़ में रखना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c)• | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**107.** नीचे दिए गए शब्द-युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | juvenile delinquency | किशोर अपचारिता |
| (b)• | kidnapping | व्यपहरण |
| (c) | kith and kin | निकट संबंधी |
| (d) | kleptocracy | उत्कोच |

**108.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(रचना/रचना-संग्रह)* | | *सूची-II* *(रचनाकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | 'मुकुल' | 1. | सियारामशरण गुप्त |
| B. | 'दूर्वादल' | 2. | पं. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' |
| C. | 'कुंकुम' | 3. | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| D. | 'प्रणभंग' | 4. | रामधारी सिंह 'दिनकर' |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d)• | 3 | 2 | 1 | 4 |

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म ***नहीं*** है ?

| | *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|---|
| (a) | घाट-घाट का पानी पीना | बहुत अनुभवी होना |
| (b) | कान भरना | चुगली करना |
| (c) | घुटने टेकना | पराजय स्वीकार कर लेना |
| (d) | चिकना घड़ा होना | शोभा बढ़ जाना |

**110.** नीचे दिए गए वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | compensation ex-gratia | अनुग्रही क्षतिपूर्ति |
| (b) | conclusive and final | निश्चायक और अंतिम |
| (c) | consolidation of pension | पेन्शन का संराशीकरण |
| (d) | corrections and alterations | शोधन और परिवर्तन |

**111.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(Phrasal Verb)* | | *सूची-II* *(हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|---|
| A. | check into | 1. | पूरी तरह जाँच करना |
| B. | check out | 2. | परीक्षण करना |
| C. | check through | 3. | प्रस्थान करना |
| D. | check up | 4. | आगमन अंकित करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**112.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(रचना/रचना-संग्रह)* | | *सूची-II* *(रचनाकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | 'अरण्य' | 1. | मंगलेश डबराल |
| B. | 'हम जो देखते हैं' | 2. | अरुण कमल |
| C. | 'नये इलाके में' | 3. | राजेश जोशी |
| D. | 'दो पंक्तियों के बीच' | 4. | श्रीनरेश मेहता |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**113.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I* *(रचना)* | | *सूची-II* *(रचनाकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | 'एकांतवासी योगी' | 1. | पं. रामनरेश त्रिपाठी |
| B. | 'यशोधरा' | 2. | पं. श्रीधर पाठक |
| C. | 'स्वप्न' | 3. | मैथिलीशरण गुप्त |
| D. | 'उद्धार' | 4. | मुकुटधर पांडेय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**114.** नीचे दिए गए शब्दों, वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों के युग्मों में से अर्थ की दृष्टि से ***बेमेल*** युग्म चुनिए :

| | *(अंग्रेज़ी)* | *(हिंदी)* |
|---|---|---|
| (a) | dead stock register | जड़ स्टॉक रजिस्टर |
| (b) | dealt into initially | कार्रवाई आरंभ की गई |
| (c) | deems fit | उपयुक्त लगता है |
| (d) | date next following | ठीक बाद की तारीख |

115. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म *नहीं* है ?

| *(हिंदी भाषा में आगत शब्द)* | *(स्रोत भाषा)* |
|---|---|
| (a) इस्पात | पुर्तगाली |
| (b) चाकू | तुर्की |
| (c) वारंट | फ्रांसीसी |
| (d) स्टूडियो | अंग्रेज़ी |

116. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की अध्यक्षता नगर विशेष में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि के वरिष्ठतम अधिकारियों में से किसी एक के द्वारा की जाती है ।
2. समिति के गठन का प्रस्ताव भेजते समय, प्रस्तावित अध्यक्ष अपनी लिखित सहमति विभाग को भेजते हैं, जिस पर सचिव, राजभाषा विभाग के अनुमोदन के पश्चात् उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

117. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|
| A. put across | 1. | दमन करना |
| B. put down | 2. | पूरा करना |
| C. put forward | 3. | स्थगित करना |
| D. put off | 4. | पेश करना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

118. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (अंग्रेज़ी पर्याय)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|
| A. defer | 1. | अवज्ञा करना |
| B. defy | 2. | अकीलित करना |
| C. deflation | 3. | आस्थगित करना |
| D. defreeze | 4. | अवस्फीति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

119. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म *नहीं* है ?

| *(मुहावरा)* | *(अर्थ)* |
|---|---|
| (a) हाथ धोना | खो देना |
| (b) आँखों में धूल झोंकना | तंग करना |
| (c) दुम दबाकर भागना | डर कर भाग जाना |
| (d) गंगा नहाना | बड़ा काम पूरा करना |

120. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (Phrasal Verb)* | | *सूची-II (हिंदी पर्याय)* |
|---|---|---|
| A. pull apart | 1. | पार पाना |
| B. pull back | 2. | ढहाना |
| C. pull down | 3. | सेना वापस बुला लेना |
| D. pull through | 4. | धज्जियाँ उड़ाना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |